भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 746

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

मिशन वात्सल्य

746. श्री केसिनेनी शिवनाथ:

श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :-

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं में बच्चों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ख) उक्त आंध्र प्रदेश राज्य में विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत वर्ष-वार कितने बच्चों को गैर-संस्थागत देखभाल के अंतर्गत सहायता दी गई है; और

(ग) आंध्र प्रदेश में विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत हुई वास्तविक प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख) : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को सेवाएं प्रदान करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच लागत साझाकरण के आधार पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से 'मिशन वात्सल्य' नामक केंद्र प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है। इसमें संस्थागत देखरेख और गैर-संस्थागत देखरेख सेवाएं शामिल हैं।

आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों की अवधि के दौरान बाल देखरेख संस्थानों और गैर-संस्थागत देखरेख में मिशन वात्सल्य योजना के तहत सहायता प्राप्त बच्चों की संख्या इस प्रकार है:

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
1	संस्थागत देखरेख में बच्चों की संख्या	3356	3012	3069	1504	1546
2	गैर-संस्थागत देखरेख में बच्चों की संख्या	604	144	144	9150	10000

(ग) : मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में मौजूद संस्थाओं अर्थात् बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल देखरेख संस्थाएं और जिला बाल संरक्षण इकाइयां की संख्या सहित वास्तविक प्रगति निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
1	बाल कल्याण समितियों की संख्या	13	13	13	26	26
2	किशोर न्याय बोर्डों की संख्या	13	13	13	26	26
3	बाल देखरेख संस्थानों की संख्या	89	92	92	84	98
4	जिला बाल संरक्षण इकाइयों की संख्या	13	13	13	26	26

*****